

# युवा उत्सव प्रतिवेदन

इस सत्र में विश्व विद्यालयीन आदेश के अनुसार महाविद्यालय द्वारा सितम्बर माह में युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें शास्त्रीय संगीत , शास्त्रीय स्वर वाद्य , ताल वाद्य , सुगम संगीत , समुह गान , शास्त्रीय नृत्य (कत्थक , भरतनाट्यम् , कत्थककली ), समुह नृत्य, वाद विवाद , परिचर्चा, एकांकी , स्पॉट पेंटिग , पोस्टर मेकिंग , कार्टूनिंग , रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। महाविद्यालय के प्रतिभागी छात्र / छात्राओं ने निम्न विद्याओ में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर अन्तरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। विभिन्न विधाओं में भागीदार प्रतिभागियों का विवरण निम्नांकित है।

| क्र. | विधा का नाम | चयनित प्रतिभागियो के नाम |
|---|---|---|
| 1. | रंगोली | दीक्षा दीवान (बी. एस. सी. तृतीय) |
| 2. | कार्टूनिंग | मोहन ध्रुव (बी. ए. - तृतीय) |
| 3. | स्पाट पेंटिंग | मेघनी देवदास (बी. एस. सी. - तृतीय) |
| 4. | वाद-विवाद | विकास गजेन्द्र (पक्ष) (बी. एस. सी. -प्रथम )<br>नरायण प्रसाद (विपक्ष) (एल. एल. बी. - द्वितीय) |
| 5. | परिचर्चा | ऐश्वर्या साहू (बी. एस. सी. - द्वितीय) |
| 6. | तालवाद्य तबला | अपूर्व विश्वकर्मा (बी. कॉम - द्वितीय) |
| 7. | स्वरवाद्य गिटार | पीयूष सोनी (बी. कॉम - प्रथम) |
| 8. | थियेटर (एकांकी) नाटक | देवेन्द्र-बी.ए. द्वितीय / नीलमणि-एल.एल.बी. तृतीय /<br>वेदप्रकाश सिन्हा-बी.कॉम द्वितीय / तारिणी साहू-बी.ए. प्रथम /<br>शिखा ध्रुव -बी.ए. द्वितीय / टुमेंन्द्र कुमार - एल.एल.बी. प्रथम /<br>वीणा सिन्हा -बी.ए. प्रथम / मुकेश्वरी सिन्हा - बी.ए. द्वितीय |
| 9. | समूह गान | सीमा रजक-बी.कॉम तृतीय / ममता साहू - बी.एस.सी. प्रथम /<br>पूर्णिमा साहू-बी.एस.सी. प्रथम / ऋषभ घोरपड़े - बी.कॉम. तृतीय /<br>पुस्कर चन्द्राकर-बी.ए. तृतीय / पीयूष सोनी - बी.कॉम प्रथम |
| 10. | समूह नृत्य | योगेश कुमार-बी.ए. द्वितीय / वेदप्रकाश सिन्हा - बी.कॉम द्वितीय /<br>रामानंद साहू- बी.ए. द्वितीय / ढालसिंग साहू - बी.ए. तृतीय /<br>दीपिका ठाकुर-एम.ए. प्रथम / रीना साहू - एल.एल.बी. प्रथम /<br>शिखा ध्रुव-बी.ए. द्वितीय / अनीता यादव - बी.ए. प्रथम |
| 11. | एकल नृत्य (शास्त्रीय) | जूही ज्ञानचंदानी (एम. ए. - अर्थशास्त्र) |
| 12. | सुगम संगीत | खोमेश्वरी सिन्हा |

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव में तालवाध स्पर्धा में अपूर्व विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्य क्षेत्र अन्तरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता जो इस वर्ष बुंदेल खण्ड विश्वविद्यालय झांसी उत्तरप्रदेश में आयोजित थी में अपनी कला का प्रदर्शन किया। युवाउत्सव समिति में सदस्य के रूप में श्री पी.बी. पराड़कर का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

**डॉ. श्रीदेवी चौबे**
प्रभारी-युवा उत्सव

# युवा उत्सव प्रतिवेदन
## सत्र 2016-2017



डॉ. श्रीदेवी चौबे

इस सत्र का युवा उत्सव महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 30-09-2016 को सम्पन्न हुआ जिसमें 12 विधाओं में छात्र / छात्राओं ने भाग लिया । दिनांक 20-10-2016 से 22-10-2016 तक विश्वविद्यालय द्वारा अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं ने समूह नृत्य एकांकी नाटक, स्वर वाद्य में सफलता हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया । दिनांक 16-11-2016 से 20-11-2016 तक मध्य क्षेत्र अर्न्तविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में समूह नृत्य एवं इंस्टालेशन आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल में जाने की पात्रता हासिल किया, उक्त छात्र / छात्राओं ने दिनांक 10 से 14 फरवरी तक कोल्हापुर महाराष्ट्र में अर्न्तविश्वविद्यालयीन जोनल प्रतियोगिता में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इंस्टालेशन आर्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस विधा में महाविद्यालय के बी.कॉम. – अंतिम के छात्र अपूर्व विश्वकर्मा पिता श्री राजकुमार विश्वकर्मा सफल टीम के सदस्य थे । अत: 2018 के एशियन युवा उत्सव में अपूर्व विश्वकर्मा भाग लेंगे । इस वर्ष युवा उत्सव के आयोजन से राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्राप्त रहा । इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले सदस्यों को जनभागीदारी द्वारा ड्रेस का वितरण किया गया अत: महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति का भी पूर्ण सहयोग मिला, जिसके लिए जनभागीदारी धन्यवाद के पात्र है । युवा उत्सव कार्यक्रम में श्री पी.व्ही. पराडकर (ज.पा.ग्रंथपाल) का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ उनके निर्देशन में युवा उत्सव कार्यक्रम में भागीदारी हेतु प्रतिभागी छात्र कोल्हापुर प्रस्थान किये ।

**डॉ. श्रीदेवी चौबे**

युवा उत्सव प्रभारी

# युवा उत्सव प्रतिवेदन



डॉ.श्रीदेवी चौबे



श्री पी.बी. पराडकर

इस सत्र का युवा उत्सव महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 07.01.2017 को सम्पन्न हुआ जिसमें 12 विधाओं में छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 11.10.2017 से 13.10.2017 तक विश्वविद्यालय व्दारा अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं ने एकल नृत्य, एकांकी नाटक में सफलता हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कत्थक नृत्य में बी.कॉम. व्दितीय की छात्रा सिमरन बुधवानी का सराहनीय प्रदर्शन रहा। इनके साथ संगतकार के रूप में बी.कॉम. के छात्र जो अंतर्राश्ट्रीय युवा उत्सव मे चयनित हुए अपूर्व विश्वकर्मा ने तबला वादन किया तथा एकांकी नाटक में नौ विद्यार्थियों की सामूहिक सहभागिता से सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 03.11.2017 से 07.11.2017 तक मध्यक्षेत्र अंर्तविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता आईसेक्ट विश्वविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश में छात्र / छात्राओं नें अपनी कला का प्रदर्शन किया। राज्य के टीम में टीम मैनेजर के रूप में हमारे महाविद्यालय के श्री पी.बी.पराडकर का सहयोग रहा।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)

युवा उत्सव प्रभारी

# युवा उत्सव प्रतिवेदन

सत्र 2018–19 का युवा उत्सव महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 30 सितम्बर 2018 को सम्पन्न हुआ जिसमें 14 विधाओ में विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिनांक 10–10–2018 से 12–10–2018 तक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर द्वारा अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोकनृत्य,समूह गान, कत्थक नृत्य,वाद विवाद, परिचर्चा, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, काटूर्निंग, तबला, सितार, नाटक में महाविद्यालय से चयनित छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। "राख" नाटक को विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान हुआ जिसने सम्बलपुर में आयोजित मध्यक्षेत्रीय अंतर्विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव में पं. रविशंकर विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व किया। युवा उत्सव में टीम मैनेजर के रूप में हमारे महाविद्यालय के श्री पी.वी. पराडकर जी का विशेष सहयोग रहा।महाविद्यालयीन युवा उत्सव में निर्णायक के रूप में डॉ. मनदीप खालसा,डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ. चन्द्रिका साहू, डॉ. प्रभा वेरूलकर, डॉ. वेदवती देवाँगन का भी सहयोग प्राप्त हुआ।




**डॉ. श्रीदेवी चौबे,**
**युवा उत्सव प्रभारी**